भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
राज्य सभा
लिखित प्रश्न सं. 295
गुरूवार, 3 फरवरी, 2022/14 माघ, 1943 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

ऐतिहासिक विभूतियों से संबंधित पर्यटन सर्किट

295. डा. विकास महात्मेः

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार को छत्रपति शिवाजी और अहिल्यादेवी होल्कर के जीवन और उपलब्धियों को दर्शाने के लिए शिवाजी पर्यटन सर्किट और अहिल्यादेवी होल्कर पर्यटन सर्किट विकसित करने का कोई प्रस्ताव प्राप्त हुआ है, यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ख) यदि नहीं, तो क्या सरकार का शिवाजी के जीवन और अहिल्यादेवी के जीवन पर आधारित पर्यटन सर्किट विकसित करने का विचार है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी)

(क) और (ख) : पर्यटन स्थलों की पहचान और विकास मुख्य रूप से संबंधित राज्य सरकार/संघ राज्यक्षेत्र (यूटी) प्रशासन की जिम्मेदारी है ।

पर्यटन मंत्रालय ने छत्रपति शिवाजी और अहिल्यादेवी होल्कर के जीवन और उपलब्धियों को दर्शाने के लिए 'शिवाजी पर्यटन परिपथ' और 'अहिल्यादेवी होल्कर पर्यटन परिपथ' के विकास हेतु किसी परियोजना को सवीकृति नहीं दी है ।

*****